# डेयरी उद्योग में 9 हजार करोड़ का निवेश

लखनऊ,विशेष संवाददाता। डेयरी उद्योग में 9000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर आया है। अब इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है। पीएम मोदी ने हाल ही में वाराणसी में बनारस काशी संकुल का शुभारंभ किया है। बागपत में भी बनासकांठा के प्लांट से हजारों रोजगार सृजित होंगे।

दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद, बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में बागपत में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी उत्तर प्रदेश में 3 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के माध्यम से अपनी सुविधाएं प्रदान कर रहा है। कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

## ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार (निवेश करोड़ में)

| कंपनी | जिला | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| इंडिया डेयरी | मेरठ | 200 | 150 |
| गोपाल जी डेयरी | बुलंदशहर | 172 | 100 |
| आनंदा डेयरी | हापुड़ | 150 | 300 |
| आरएम डेयरी | अलीगढ़ | 150 | 200 |
| मुरलीधर दुग्ध | प्रयागराज | 150 | 120 |
| माया मिल्क फूड | इटावा | 150 | 100 |
| टेस्टी डेयरी | कानपुर देहात | 110 | 200 |

## छोटे जिलों में आएगी नौकरियों की बहार

स्मार्ट ग्रिड प्रा.लि. गोण्डा में 1100 करोड़ रुपये की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है, जिसके जरिए 3 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपये से और शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो एक हजार 300 से अधिक लोगों को सेवायोजन का अवसर प्रदान करेगा। बरेली डेयरीज. बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस प्रा. लि. 300 करोड़ रुपये, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपये के निवेश के जरिए हजारों रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।